महत्वपूर्ण एवं खास

सीएम भूपेश बघेल ने की बड़ी घोषणा, चिटफंड अभिकर्ताओं पर दर्ज एफआईआर होंगे वापस

रायपुर. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बड़ी घोषणा कर दी है. सीएम ने घोषणा करते हुए कहा कि चिटफंड कंपनियों के अभिकर्ताओं के खिलाफ पूर्व में पुलिस की तरफ से दर्ज किए गए मामलों को वापस लिया जाएंगे. साथ ही कंपनियों के दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. सीएम ने यह घोषणा रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में किया है. प्रदेश में सैकडों चिटफंड अभिकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज है. कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में चिटफंड की राशि लौटाने का एलान किया था. बता दें कि अभिकर्ताओं के खिलाफ मामले वापस लेने पर कई चिटफंड कंपनियों में डायरेक्टरों के साथ आरोपी बने स्थानीय एजेंटों को राहत मिलेगा. कंपनी के भागने के बाद निवेशकों की रिपोर्ट पर पुलिस ने डायरेक्टरों के अलावा स्थानीय तौर पर प्रमुख एजेंट होने पर नामजद आरोपी बनाया गया था.

जल्दबाजी में अगर शराबबंदी का फैसला ले लिया तो घर पहुंच सेवा शुरु हो जाएगी- भूपेश बघेल

रायपुर। एकाएक शराबबंदी करने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चिंता जाहिर की है. सीएम ने कहा कि जल्दबाजी में अगर हमने फैसला ले लिया तो शराब की घर पहुंच सेवा शुरु हो जाएगी. हालांकि शराबबंदी पर वे अडिग हैं. भूपेश ने कहा कि शराब बन्दी को लेकर बीजेपी के नेताओ ने विधानसभा में हल्ला मचाया था. हम शराबबंदी करेंगे लेकिन उससे पहले सब से बात करेंगे. नरेंद्र मोदी ने जिस तरह नोटबन्दी की वैसा हम नहीं करेंगे. सीएम ने शराब को सामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि शराब सामाजिक बुराई है. हम तो आज ही फैसला कर देंगे.

बेलगाम रफ्तार अज्ञात वाहन ने ली एक बुजुर्ग की जान

रायगढ़। जिले की सड़क पर दौड़ रही अंधाधुंध तेज रफ्तार वाहनों का खौफ खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है, इस बेलगाम रफ्तार ने एक और जान ले ली। इन मौतों का ज्यादातर मुख्य कारण नशे में मदहोश होकर वाहन का चालन तो दूसरी तरफ नौसिखए ड्राइवर और बेलगाम रफ्तार होती है। जिसमें कम तनख्वाह में मालिक खलासी से ड्राइवर बने नौसिखए के हाथ में बड़े बड़े वाहनों की चाबियां थमा देते हैं। जिसका अंजाम आज नहीं तो कल किसी ना किसी को अपनी जान देकर भुगतना पड़ता है।

सोशल मीडिया में विरोध के बाद विधायक प्रकाश नायक हरकत में आये, भरोसा दिलाया कि गणेश और जयसिंग तालाब में मछली पालन नहीं होगा

रायगढ़। नगर एक ह्रदय स्थल में स्थित गणेश तालाब और जयसिंग तालाब में मछली पालन के टेंडर की खबर के बाद आम लोगो में इसका काफी विरोध देखा जारहा था। सोशल मीडिया में भी लोगो ने इसका कड़ा विरोध किया।सोमवार को सर्व नागरिक मंच गणेश तालाब पास इक्कठा हुआ और आयुक्त के नाम ज्ञापन में हस्ताक्षर किए। विधायक प्रकाश नायक ने यह पूरा मामला सोशल मीडिया में देखा और गणेश तालाब पहुंचे उन्होंने लोगो को भरोसा दिलाया कि गणेश और जयसिंग तालाब में मछली पालन नही होगा इसके लिए ये निगम और जिला प्रशासन से बात करेंगे क्योंकि यह मुद्दा धार्मिक आस्था से जुड़ा है।ज्ञापन देने के लिए काफी संख्या में नगर के लोग उपस्थित थे जिनमें मुख्य रूप से अग्रसेन सेवा संघ के अध्यक्ष मुकेश मित्तल कलानोरिया, प्रदिप गर्ग, हरमीत सिंग घई, राजेन्द्र पांडे, शाखा यादव, सत्यजीत घोष, संजय अग्रवाल (मां बंजारी), प्रकाश निगानिया, प्रेम अग्रवाल (किरोड़ी) सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

चेंबर करेगा जिले के नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान

रायगढ़। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायगढ़ इकाई द्वारा आगामी 21 जनवरी दिन सोमवार शाम 4 बजे स्थानीय अग्रोहा भवन में रायगढ़ जिले के नवनिर्वाचित पांचों विधानसभा के नव निर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी ने बताया कि इस सम्मान समारोह में आम नागरिक उद्योगपति व्यापारी बंधु पत्रकार बंधु और सामाजिक धार्मिक संस्थाएं सभी को आमंत्रित किया गया है। चेंबर ने कहा कि अत्यंत ही हर्ष का विषय है कि इस बार जिले के खरसिया क्षेत्र के युवा एवं लोकप्रिय विधायक उमेश पटेल जी को राज्य के मंत्रिमंडल में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ है जिससे पूरा जिला गौरान्वित है। अतः मंत्री उमेश पटेल, लालजीत सिंह राठिया, विधायक धर्मजयगढ़, प्रकाश नायक विधायक रायगढ़, चक्रधर सदर विधायक लैलूंगा और उत्तरी गणपत जांगड़े विधायक सारंगढ़ का सम्मान आप सभी के सानिध्य में करना चाहते हैं।

जिले के समस्त आम नागरिकों उद्योगपतियों व्यापारी बंधुओं पत्रकार बंधुओं सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया अधिक से अधिक संख्या में समय पर पहुंच कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करें।

नान के गोदामों में जगह नहीं , अब 2 महीनों का चावल एक साथ

रायगढ़। नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में जगह नहीं होने के कारण अब 2 महीनों का सरकारी चावल एक साथ जारी किया जाएगा। जिले में फरवरी एवं मार्च महीने का पीडीएस का आबंटन एक साथ जारी कर भंडारण के लिए जगह बनाई जाएगी और कस्टम मिलिंग में राइस मिलरों से चावल लेकर जमा लिया जाएगा।

खरीफ में धान खरीदी के बाद कस्टम मिलिंग के तहत राइस मिलर नान एवं एफसीआई में चावल जमा कर रहे हैं लेकिन जिले में नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में पहले से पीडीएस के लिए पुराना भंडारण होने के कारण पर्याप्त जगह नहीं है। इसलिए शासन ने दो महीनों का पीडीएस का चावल एक साथ जारी करने के आदेश दिए हैं। जिले में पीडीएस के भंडारण के लिए नान के अधीन 9 गोदाम हैं। जो कि रायगढ़, किरोड़ीमलनगर, खरसिया,धरमजयगढ़, लैलूंगा, सारंगढ़ एवं घरघोड़ा में संचालित हैं। अब शासन के आदेश के अनुसार फरवरी महीने में फरवरी के साथ मार्च का भी चावल जारी किया जाएगा। इसके लिए खाद्य विभाग ने सभी 836 राशन दुकानदारों को सूचना भेजी है और दो महीनों के चावल का उठाव एक साथ करने के लिए आवश्यक डीडी की राशि नान के खाते में जमा करने के भी आदेश दिए हैं। आदेश के अनुसार फरवरी महीने के पहले एवं दूसरे सप्ताह में ही हितग्राहियों को दो महीनों का एक साथ राशन जारी किया जाएगा। जिससे नान के गोदाम में जगह खाली हो सके।

जलता दीये छोड़ कर जाना पड़ा भारी घर में लगी आग

रायगढ़। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र चन्द्रनगर में दीये को जलते छोड़ दिए इस घटना से घर का सामान जलकर राख हो गया है। मिली जानकारी के मुताबिक चंद्र नगर केलो विहार निवासी यशवंत सिंह के निवास में आसपास के लोग घर से धुएं निकलते जहां चंद मिनटों ये यह धुंआ आग का रुख अख्तियार कर लिया। वही बताया जा रहा है कि यह आग पूजा करने वाले कमरे में जलते हुए दीये को छोड़ कर मार्केट चले गए थे। बहरहाल डायल 112 के माध्यम नगर निगम दमकल वाहन आग बुझाने मौके पर है। वही खबर लिखे जानेआग की गिरफ्त में सोफा टीवी व कुछ कपड़े जल गए।

ग्राहक सुविधा केंद्र के माध्यम से लगाया चुना, जुर्म दर्ज

रायगढ़। ग्राम दानसरा में रहने वाले हेमराज मेहर पिता दयाराम मेहर उम्र 33 वर्ष द्वारा थाना सारंगढ़ के अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी से 78449 रूपये की मनी ट्रांसफर सफल हमबरम के खाते में किये जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता हेमराज ने प्राइवेटकंपनी से ग्राहक सुविधा केन्द्र लिया है जिसमें यह सिर्फ आधार कार्ड से सभी बैकों के रूपये निकालने का कार्य करता है। 10 जनवरी 2019 को दोपहर 3 से 4 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से वैलेट (खाता) से 78449 रूपये की मनी ट्रांसफर सफल नामक व्यक्ति के खाते में किया। इसके वैलेट खाता का रूपये फाइनो पेमेंट बैंक ब्रांच सतीवली, जिला - थाने (महाराष्ट्र) के खाते में जमा कराया गया है, रिपोर्टकर्ता के आवेदन पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध 420 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

किराना दुकान में चोरी

रायगढ़। थाना चक्रधरनगर रहने वाला मुकेश साहू ग्राम गोवर्धनपुर में किराना दुकान का संचालन करता है जहां शनिवार रविवार दरमियानी रात अज्ञात चोर दुकान के छत्त के एम्बेस्टर शीट को तोड़कर, दुकान में रखे किराना सामान साबून, आटा पैकेट, सिगरेट पैकेट, सर्फ, तेल पाऊच आदि जुमला कीमती करीब 9 हजार रूपये के सामान तथा मुकेश साहू का पासबुक, आधार कार्ड एवं वोटर आईडी को चोरी कर ले गया।

चोरी के संबंध में थाना चक्रधरनगर में मुकेश साहू के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457,380 के अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है ।

बेटी बचाओ में रायगढ़ फिर अव्वल, 24 को मिलेगा अवार्ड

रायगढ़। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत शासन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के संचालक अशोक कुमार यादव ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में जिला प्रशासन को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चयनित होने पर कलेक्टर यशवंत कुमार को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान में प्रभावी सामुदायिक सहभागिता श्रेणी में उत्कृष्ट एवं बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत शासन द्वारा अनुकरणीय कार्य के लिए 25 जिलों को चयनित किया गया है। जिनमें से एक रायगढ़ है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी को नई दिल्ली में कलेक्टर रायगढ़ यशवंत कुमार सम्मानित होंगे।

24 जनवरी को भारत शासन द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस उज्जवल भविष्य के लिए बालिकाओं का सशक्ति करण थीम पर मनाया जाएगा। जिसका उद्देश्य जनसामान्य में बालिका लिंगानुपात के घटते स्तर जैसे सामाजिक मुद्दे पर चेतना बढ़ाना एवं बालिकाओं के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत बालिका लिंगानुपात 2018-19 में 959 है, जो कि वर्ष 2013-14 में 918 था।

संस्थागत प्रसव का प्रतिशत 98 प्रतिशत है। वर्षभर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया गया। जिनमें मुनिया की दुनिया कार्टून कार्यशाला, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की संवेदीकरण कार्यशाला, प्रत्येक प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बालिका जन्म लेने पर माता को महतारी नोनी कार्ड के साथ आम का पौधा दिया गया। महिला कुश्ती एवं कबड्डी का भी आयोजन किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 टी.बी.वर्मा, श्रीमती रेखा श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरडे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में सम्भव सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480